Bareilly, Wednesday
12 April 2023
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

PAGE NO : 4 BOTTME

गेस्ट लेक्चर में दी एलोरा की गुफाओं की जानकारी

जासं, बरेली : एसआरएमएस में मंगलवार को गेस्ट लेक्चर हुआ। इसमें यूट्यूबर, लेखक एवं शोधकर्ता प्रवीन मोहन ने प्राचीन भारत में उन्नत विज्ञान एवं इंजीनियरिंग पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे यहां इंजीनियरिंग और शल्य चिकित्सा का प्रयोग तब से होता हुआ आ रहा है, जिस समय अन्य सभ्यताओं ने ठीक से चलना भी नहीं सीखा था। प्रवीन ने अजंता एलोरा की गुफाओं, पुराणिक काल की लेथ मशीन, सूर्य मन्दिर कोणार्क, मंगलनाथा स्वामी मन्दिर में शेर के मुंह में गेंद, गुजरात में सौ किमी से ज्यादा लम्बी सुरंगों, कर्नाटक में नदी के नीचे नक्कासी, विरुपाक्ष मंदिर हम्पी जो की रामायण काल की किष्किंधा है, स्थित 56 संगीतमय खम्भों के बारे में भी बताया, जिसको तोड़कर अंग्रेज वैज्ञानिकों ने समझने की कोशिश की, लेकिन यह खम्भे अन्दर से खोखले थे। इस मौके पर एसआरएमएस सीइटी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, एसआरएमएम सीइटीआर के प्राचार्य डा. एलएस मौर्य, डा. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।